
# निजी संपत्ति पर वॉटर सर्विस रिसाव

पता करें कि वॉटर सर्विस रिसाव का कारण क्या है, और सर्विस मरम्मतों के लिए कौन जिम्मेदार है। यदि आपको संदेह है कि आपकी संपत्ति पर कोई रिसाव हो सकता है तो जानें कि क्या करें और किसे कॉल करें।


## वॉटर सर्विस क्या है?

वॉटर सर्विस शहर में प्रत्येक आवास में पानी डिलीवर करने वाली पाइप है। वॉटर सर्विस पर दो खंडों में विचार किया जा सकता है: पहला खंड, जो वॉटर मेन से प्रॉपर्टी लाइन तक जा रहा है, उसका स्वामित्व और रखरखाव दि सिटी द्वारा किया जाता है; दूसरा खंड, प्रॉपर्टी लाइन से घर में जा रहा है, उसकी जिम्मेदारी गृहस्वामी की है।




प्रॉपर्टी लाइन के अंदर समस्त पानी के बुनियादी ढाँचे की जिम्मेदारी गृहस्वामी की है।

## क्या चीज़ सर्विस रिसाव का कारण बनती है?



वॉटर सर्विस रिसाव पाइप की उम्र और सामग्री के प्रकार, मिट्टी के प्रकार, जमीन की गतिविधि और / या पाइप के विस्तार / संकुचन के परिणामस्वरूप तापमान भिन्नताओं के कारण जंग से हो सकता है।


पानी के दाब में कोई गिरावट इमारत के बाहर (शहर के वॉटर मेन और पानी के मीटर के बीच) पानी की सर्विस में रिसाव का संकेत दे सकती है।

## किसी वॉटर सर्विस के संबंध में गृहस्वामी और शहर की जिम्मेदारियाँ क्या हैं?

प्रॉपर्टी का मालिक घर से सर्विस वॉल्व तक (आमतौर पर प्रॉपर्टी लाइन पर या उसके आस-पास) वॉटर सर्विस का मालिक होता है। दि सिटी सर्विस वाल्व का मालिक है। प्रॉपर्टी लाइन के बाहर समस्त पानी के बुनियादी ढाँचे का स्वामित्व दि सिटी के पास है। प्रॉपर्टी लाइन के दि सिटी साइड पर वॉटर सर्विस की सभी मरम्मतों के लिए जल सर्विसेस जिम्मेदार है।

**प्रॉपर्टी लाइनें:**

- ज्यादातर मामलों में, प्रॉपर्टी लाइन कर्ब या फुटपाथ के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर होती है। जब भवन खरीदा गया था उस समय जो कानूनी सर्वेक्षण किया गया था वह दर्शाता है कि प्रॉपर्टी लाइनें कहाँ हैं।
- ऊपर दिया गया डायग्राम दर्शाता है कि सर्विस वाल्व प्रॉपर्टी लाइन के बहुत करीब रखा जाता है। यह हमेशा दि सिटी की तरफ नहीं होता है, हालाँकि दि सिटी इसका मालिक है।
- निजी संपत्ति (पानी के मीटर के अपवाद के साथ) पर सर्विस की सभी मरम्मत लागतों के लिए संपत्ति का मालिक जिम्मेदार है।







19-0002046

## यदि मुझे संदेह है कि मेरी संपत्ति पर कोई रिसाव है तो मैं क्या करूँ?

निम्नलिखित संकेत बता सकते हैं कि इमारत के बाहर (पानी के मीटर और द सिटी सर्विस वाल्व के बीच) पानी की सर्विस पर कोई रिसाव है। इनमें शामिल हो सकते हैं:

- वॉटर सर्विस पर शोर, जबकि कोई भी नल नहीं चल रहा हो।
- पानी के दाब में गिरावट।
- जमीन की सतह पर पानी का बहना या इकट्ठा होना।

**यदि आपको अपने घर के बाहर रिसाव का संदेह है, तो 311 पर संपर्क करें।**





## दि सिटी रिसावों की कैसे जाँच करता है?

दो तरीके हैं जिनसे दि सिटी रिसावों की जाँच करता है:

1. रिसावों और वॉटर मेन के टूटने का संदेह करने वाले नागरिकों से 311 के माध्यम से। इसके बाद रिसाव लोकेटर्स भेजे जाते हैं।
2. शहर नियोजित सर्वेक्षण: जब रिसाव लोकेटर आपातकालीन मेन ब्रेक को अटैंड नहीं कर रहे होते हैं, तो वे संभावित जल रिसावों का पता लगाने के लिए नियत समुदायों में अनुसूचित दिनचर्या रिसाव का पता लगाने के सर्वेक्षण करते हैं।

**यदि किसी रिसाव का वॉटर सर्विस के निजी संपत्ति साइड पर होने का संदेह होता है, तो** एक रिसाव लोकेटर कर्मचारी आगे के परीक्षण करने के लिए घर या इमारत के भीतर पानी के मीटर या मेन शट-ऑफ वाल्व तक पहुँच प्राप्त करने के लिए घर के मालिक से संपर्क करेगा। निजी संपत्ति पर किसी रिसाव को शट-ऑफ वाल्व पर पानी को बंद करके निर्धारित किया जा सकता है। यदि रिसाव बंद हो जाता है, तो रिसाव की मरम्मत करना गृहस्वामी की ज़िम्मेदारी है।

यदि रिसाव वॉटर सर्विस के निजी हिस्से पर निर्धारित किया जाता है, तो रिसाव लोकेटर संपत्ति के मालिक को लगभग वह जगह बताएगा जहाँ उनकी संपत्ति पर रिसाव स्थित है।





## यदि मेरी वॉटर सर्विस में रिसाव का पता चलता है तो क्या होगा?

यदि आपकी वॉटर सर्विस में कोई रिसाव है, तो आप निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार हैं:

- किसी भी आवश्यक मरम्मत करने के लिए पानी के ठेकेदार की व्यवस्था करना।
- मरम्मत के लिए भुगतान करना। दि वॉटर यूटिलिटी बायलॉज (संदर्भ #40M2006) के अनुसार, स्वामी अपनी संपत्ति पर वॉटर सर्विस के हिस्से को अच्छी मरम्मत की स्थिति में बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। दि सिटी मरम्मत को 15 दिनों के भीतर किया जाना आवश्यक बनाता है अथवा एक उपचारात्मक आदेश जारी किया जा सकता है।

## वॉटर सर्विस रिसाव की मरम्मत कैसे की जाती है?

वॉटर सर्विस की मरम्मत करने के लिए कुछ तरीकों का उपयोग किया जाता है।

- **सर्विस पुल** - ट्रेंचलेस प्रक्रिया जो घर से सर्विस वाल्व तक रिप्लेसमेंट वॉटर सर्विस को खींचती है जिसमें न्यूनतम खुदाई होती है।
- **एक्सकैवेटिंग** - दि सिटी के सर्विस वाल्व से घर तक ट्रेंच की खुदाई।
- **स्पॉट रिपेयर** - हाइड्रोवैक प्रक्रिया (भूमिगत पाइप को उजागर करने के लिए दाबयुक्त जल और निर्वात प्रणाली) का उपयोग करना तत्काल रिसाव स्थान पर वॉटर सर्विस की मरम्मतों की अनुमति देता है।

मरम्मत प्रक्रियाओं पर अधिक जानकारी के लिए, **"वॉटर सर्विस लाइन रिपेयर"** वीडियोज को इंटरनेट पर खोजें।

## वॉटर सर्विस मरम्मतों की लागत कितनी है?

मरम्मत की लागत अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकती है, जो ठेकेदार और वॉटर सर्विस मरम्मत के प्रकार पर निर्भर करती है। दुर्भाग्य से ये मरम्मत आमतौर पर एक बुनियादी गृहस्वामी की बीमा पॉलिसी द्वारा कवर नहीं की जाती हैं। अनियोजित मरम्मत के वित्तीय प्रभाव को कम करने के लिए, आप अतिरिक्त बीमा विकल्प तलाशने की इच्छा कर सकते/ती हैं। अपने वर्तमान होम इंश्योरेंस प्रदाता से बात करें।

## यदि रिसाव का समाधान नहीं किया जाता है तो क्या हो सकता है?

आपकी वॉटर सर्विस वाटर मेन्स से जुड़ी होती है जो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से आपके घर तक पानी ले जाती है। क्योंकि पानी की व्यवस्था दाबानुकूलित होती है, इसलिए जब वॉटर सर्विस में छेद या दरार होगी, तो पानी तब तक बहता रहेगा जब तक कि दि सिटी आपकी वॉटर सर्विस के वाल्व(ल्वों) को बंद नहीं कर देता है। रिसाव का समाधान करने में विफलता आपकी संपत्ति, सड़क और फुटपाथ को नुकसान पहुँचा सकती है। मरम्मत जितनी जल्दी हो सके की जानी चाहिए। पानी आमतौर पर सतह की ओर अपना रास्ता ढूँढता है, लेकिन मिट्टी के प्रकार (जैसे बजरी, रेतीली मिट्टी) पर निर्भर करते हुए, पानी तुरंत सतह पर नहीं आ सकता है। पानी:

- मिट्टी को संतृप्त कर सकता है और अंततः आपके तहखाने या अपने पड़ोसी के तहखाने में रिस सकता है।
- सम्प पंपों को अनावश्यक रूप से संचालित करने का कारण बन सकता है
- आपके घर या व्यवसाय की नींव को नुकसान पहुँचाने का कारण बन सकता है



## अपने वॉटर सर्विस रिसाव को ठीक करने के लिए मुझे किसे फोन करना चाहिए?

किस ठेकेदार को काम पर रखें इसकी अनुशंसा दि सिटी नहीं करता है, और न ही दि सिटी किसी ठेकेदार द्वारा निजी संपत्ति पर किए गए कार्य की गुणवत्ता या वारंटी को इन्डोर्स करता है।

**दि सिटी ऑफ़ कैलगरी किसी ठेकेदार को खोजने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया की अनुशंसा करता है:**

- **गूगल (Google)** "वॉटर एक्सकैवेटिंग कॉन्ट्रेक्टर कैलगरी (Water Excavating Contractor Calgary)" खोजें

**किसी ठेकेदार को काम पर रखते समय, दि सिटी सुझाव देता है कि आप:**

- कम से कम तीन एस्टिमेट प्राप्त करें
- ठेकेदारों से रेफरेंस पूछें और उनकी जाँच करें
- ठेकेदारों पर विश्वसनीयता रिपोर्ट के लिए बैटर बिजनेस ब्यूरो या एक समान एजेंसी से संपर्क करें

**आपका ठेकेदार निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार होगा:**

- आवश्यक परमिट प्राप्त करना
- उपयोगिता कंपनियों से मंजूरी प्राप्त करना (उदाहरण के लिए अल्बर्टा वन-कॉल)
- रिसाव की मरम्मत करना

**दि सिटी ऑफ़ कैलगरी वॉटर सर्विसेस निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार है:**

- पानी को बंद करना ताकि मरम्मत की जा सके

**यदि रिसाव निम्नलिखित के लिए जोखिम हो जाता है तो रिसाव का पता चलने के बाद हमें किसी भी समय पानी बंद करना पड़ सकता है:**

- जल आपूर्ति प्रणाली
- सार्वजनिक सुरक्षा
- निजी या सार्वजनिक संपत्ति

**जब मरम्मत के दौरान आपका पानी बंद रहता है, तो हम अनुशंसा करते हैं कि आप:**

- अपने नलों को बंद रखें ताकि आपके पानी को वापस चालू करने पर फ्लडिंग न हो
- क्षति को रोकने के लिए गर्म पानी की टंकियों को बंद करें

**अस्थायी जल के विकल्प:**

यदि मौसम अनुमति देता है (शून्य डिग्री से ऊपर का तापमान), तो आपके पास अपने अस्थायी पानी की लाइन स्थापित करने का विकल्प हो सकता है

जिसे आप पड़ोसी के वॉटर प्लम्बिंग से ले सकते हैं यदि वे इस बात से सहमत होते हैं। यह विकल्प उपलब्ध होने पर आपको जानकारी प्रदान की जाएगी।

**मरम्मत पूरी हो जाने के बाद, हम अनुशंसा करते हैं कि:**

- आपकी पानी की सर्विस को चालू करवाने के लिए कोई 18 साल या उससे अधिक उम्र का घर या इमारत में मौजूद हो।
- नल के एड्रेटरों और स्क्रीन को गर्म साबुन के पानी में धोएँ, फिर उन्हें एक भाग ब्लीच और नौ भाग पानी के घोल में 10 मिनट तक कीटाणुरहित करें।
- विनिर्माता की अनुशंसाओं के अनुसार किसी भी पानी के फिल्टर को कीटाणुरहित करें।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो **311 पर संपर्क करें।**